# समाचार

## वार्ड क्र. 43 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण 24 अगस्त को

## (महापौर एवं कोरबा विधायक के द्वारा भवन किया जाएगा जनसेवा में समर्पित)

कोरबा 22 अगस्त 2015 –निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 43 धनुवारपारा में आगामी 24 अगस्त सोमवार को नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण प्रातः 11 बजे किया जाएगा। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल उक्त सामुदायिक भवन को जनसेवा में समर्पित करेंगे।

निगम के अधीक्षण अभियंता श्री एम.के. वर्मा ने बताया कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 43 हसदेव क्र.–1 धनुवारपारा में 15 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है, जिसके लोकार्पण हेतु लोकार्पण कार्यक्रम 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे वार्ड क्र. 43 धनुवारपारा में रखा गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम में नवनिर्मित सामुदायिक भवन को जनसेवा में समर्पित किया जाएगा। इस मौके पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर सहित मेयर इन कांउसिल सदस्यगण, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण अपनी विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे।